**CBSE Class – 4 Hindi**
**NCERT Solutions**
**रिमझिम पाठ- 1. मन के भोले-भाले बादल**

<u>तुम्हरी समझ से</u>

**कभी-कभी जिद्दी बन करके**

**बाढ़ नदी-नालों मे लाते**

**(क) बादल नदी-नालों में बाढ़ कैसे लाते होंगे?**

**उत्तर-** जब बादलों से बहुत अधिक बारिश होती होगी, तब नदी-नालों में बहुत पानी भर जाने से उनमें बाढ़ आ जाती होगी| इस तरह बादल नदी-नालों में बाढ़ लाते होंगे|

**नहीं किसी की सुनते कुछ भी**

**ढोकल-ढोल बजाते होंगे?**

**(ख) बादल ढोल कैसे बजाते होंगे?**

**उत्तर-** बादलों के आपस में टकराने से तेज आवाज होती होगी| इस तरह बार-बार टकराकर वे बार-बार गरजते होंगे| उसे सुनकर ऐसा लगता होगा कि वे ढोल बजा रहे हैं|

**कुछ तो लगते तूफानी**

**कुछ रह-रह करते शैतानी**

**(ग) बादल कैसी शैतानियाँ करते होंगे?**

**उत्तर-** बादल कभी तेज आँधी और बारिश करते होंगे, कभी रुक जाते होंगे| कभी आपस में टकराकर चमकते-गरजते होंगे| कभी नदी-नालों में बाढ़ ला देते होंगे| इस प्रकार बादल तरह-तरह की शैतानियाँ करते होंगे|

**उत्तर-**

| | **कैसा** | **कौन** |
|---|---|---|
| **सूरज-सी** | **चमकीली** | **थाली** |
| **चंदा-सा** | गोरी | मुखड़ा |

| | | |
|---|---|---|
| **हाथी-सा** | भारी-भरकम | आदमी |
| **जोकर-सा** | मोटी | नाक़ |
| **परियों-सा** | सुन्दर | पंख |
| **गुब्बारे-सा** | फूला | पेट |
| **ढोलक-सा** | बजता | डिब्बा |

<u>कविता से आगे</u>

**(क) तूफ़ान क्या होता है? बादलों को तूफ़ानी क्यों कहा गया है?**

**उत्तर-** बारिश के साथ तेज चलने वाली आँधी को तूफ़ान कहते हैं| बादल ही तेज आँधी और बारिश लाते हैं, इसीलिए उन्हें तूफ़ानी बादल कहा गया है|

**(ख) साल के किन-किन महीनों से ज्यादा बादल छाते हैं?**

**उत्तर-** जून और जुलाई में ज्यादा बादल छातें हैं|

**(ग) कविता में 'काले' बादलों की बात की गई है| क्या बादल सचमुच काले होते हैं?**

**उत्तर-** कुछ बादल काले दिखाई देते हैं तो कुछ भूरे और सफ़ेद| लेकिन बादल सचमुच काले नहीं होते| वे तो पानी की भाप से बनी बूँदों से बने हुए होते हैं|

**(घ) कक्षा में बातचीत करो और बताओ की बादल किन-किन रंगों के होते है|**

**उत्तर-** बादल काले, भूरे और सफ़ेद रंगों के होते हैं| सुबह और शाम को वे लाल रंग के भी दिखाई देते हैं|

<u>कैसे-कैसे बादल</u>

**(क) तरह-तरह के बादलों के चित्र बनाओ|**

**काले-काले डरावने**

**गुब्बारे-से गलों वाले**

**हल्के-फुल्के सुहाने**

**उत्तर-**




**(ख) कविता में बादलों को 'भोला' कहा गया है| इसके अलावा बादलों के लिए और कौन-कौन से शब्दों को इस्तेमाल किया गया है?**

**म...................**

**जि...................**

**शै .....................**

**तू ......................**

**उत्तर-** मतवाले जिद्दी शैतानी तूफानी

---

**बारिश की आवाजें**

**कुछ अपने थैलों से चुपके**

**झर - झर - झर बरसाते पानी**

**पानी के बरसाने की आवाज़ है झर - झर - झर**

**पानी बरसाने की कुछ और आवाज़ें लिखो |**

**उत्तर-** टप-टप-टप

टिप-टिप-टिप

रिम-झिम रिम-झिम

घरर-घरर

चट-चट-चट

छप-छप-छप

छम-छम-छम

छर-छर-छर

---

<u>**कैसे-कैसे पेड़**</u>

**बादलों की तरह पेड़ भी अलग - अलग आकार के होते हैं | कोई बरगद - सा फैला हुआ और कोई नारियल के पेड़ जैसा ऊँचा और सीधा |**

**अपने आस - पास अलग - अलग तरह के पेड़ देखो | तुम्हे उनमें कौन - कौन से आकार दिखाई देते हैं ? सब मिलकर पेड़ों पर एक कविता भी तैयार करो |**

**उत्तर-** कोई पेड़ पीपल-सा विशाल है|

कोई निम्बू के पेड़-सा छोटा है|

कोई पेड़ बाँस जैसा लम्बा और पतला है|

कोई पेड़ बरगद-सा मोटा है|

कोई पेड़ नीम-सा घना है|

कोई पेड़ बबूल-सा टेढ़ा-मेढा है|

**नोट**- सब विद्यार्थी मिलकर पेड़ों पर एक कविता तैयार करें|